पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट किया

लखनऊः 8 जुलाई 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी ने भारत-जापान मैत्री को नई ऊंचाई तक पहुंचाने वाले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री श्री शिंजो आबे जी की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल जी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और अपनी संवेदनाएं उनके शोकाकुल परिजनों व जापान वासियों के लिए व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि परमपिता दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

चंद्र विजय वर्मा-सूचना अधिकारी/राजभवन (255/11)